नवोदय प्रिन्टर्स एण्ड स्टेशनर्स, जयपुर-3 फोन : 62587 P.P.

31 नवोदय

# कार्यालय नगरपालिका मण्डल, रतननगर (राज०)

## सभा की कार्यवाही पंजिका

दिनांक 10-11-2016 सभा की किस्म "विशेष बैठक" समय 11:00 AM कुल सदस्यों की संख्या 15 उपस्थित सदस्यों की संख्या 12 (11) 9

विषय (लाल स्याही में) अंकित प्रस्तावानुसार (कुल प्रस्ताव सं० 01)

| क्रमांक प्रस्ताव | बैठक की कार्यवाही का विवरण | प्रस्ताव जो पारित हुआ | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|
| | आज दिनांक 10-11-2016 को 11:00 AM पर न० पा० रतननगर में न० पा० मण्डल की "विशेष बैठक" का आयोजन श्री मुकेश कुमार शर्मा उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें निम्न सदस्य निम्नानुसार उपस्थित हो आये। | | |
| 1. | श्री मुकेश कुमार शर्मा - उपाध्यक्ष | | |
| 2. | श्रीमती - किरण सैनी - सदस्या | | |
| 3. | श्री - किशन लाल - सदस्य | | |
| 4. | श्रीमती - हिन्दु माला - सदस्या | | |
| 5. | श्री - संजय कुमार - सदस्य | | |
| 6. | श्रीमती - अनिता कँवर - सदस्या | | |
| 7. | श्रीमती - हिमलता - सदस्या | | |
| 8. | श्रीमती - आयशा बानो - सदस्या | | |
| 9. | श्री - अफजल - सदस्य | | |
| 10. | श्री - अब्दुल्ला कुरैशी - सदस्य | | |
| 11. | श्रीमती - संगीता - सदस्या | | |
| | बैठक कोरम पूर्ण होने पर श्रीमान अध्यक्ष महोदय के आज्ञानुसार बैठक की कार्यवाही प्रथम प्रस्ताव के रूप में शुरू की गई। | | |
| प्रस्ताव सं० - 01 | -: स्वच्छ भारत मिशन -: प्रस्ताव संख्या 01 सदन के समक्ष रखा गया। जिस पर अधिशाषी अधिकारी महोदय ने सदन को अवगत करवाया कि SBM के अन्तर्गत न० पा० रतननगर में सर्वे के मुताबिक 279 परिवारों की शौचालय निर्माण की प्रथम किश्त जारी कर 277 परिवारों का शौचालय कार्य पूर्ण करवा दिया गया है शेष परिवारों का भी शौचालय निर्माण कार्य आगामी सप्ताह तक पूर्ण करवा दिये जावेंगे। उक्त 277 लाभार्थियों के कार्य पूर्ण के विरुद्ध 240 परिवारों को द्वितीय किश्त राशि जारी कर उनके खाते में हस्तान्तरित करवा दी गई है साथ ही उक्त शेष परिवारों का भी शौचालय कार्य पूर्ण करवाकर | | |

Scanned with CamScanner

नवोदय प्रिन्टर्स एण्ड स्टेशनर्स, जयपुर-3 फोन : 62587 P.P.

# कार्यालय नगरपालिका मण्डल, रतननगर (राज०)

## सभा की कार्यवाही पंजिका

32

दिनांक 18-11-2016 सभा की किस्म विशेष समय 11:00 AM कुल सदस्यों की संख्या 15 उपस्थित सदस्यों की संख्या 11

विषय (लाल स्याही में) कौंसिल प्रस्तावानुसार। —

| क्रमांक प्रस्ताव | बैठक की कार्यवाही का विवरण | प्रस्ताव जो पारित हुआ | विशेष |
|---|---|---|---|
| | रतननगर को ODF घोषित कराने की कार्यवाही की जानी है इस हेतु आप सभी सदस्य महानुभावों के सहयोग की अपेक्षा की जाती है साथ ही क० क० महोदय ने सदन को अवगत कराया कि कस्बे की साफ-सफाई व्यवस्था को और ज्यादा दुरस्त हो इस हेतु साफ-कार्य समय-सारणी के मुताबिक कराया जाता है इसमें आप सभी सदस्य महानुभावों के सुझाव-राय की भी अपेक्षा की जाती है ताकि रतननगर कस्बा ODF होने के साथ-साथ स्वच्छता सर्वे में भी प्रथम स्थान पर रहे। जिस पर उपस्थित सदस्य महानुभावों ने इस कार्य हेतु अपेक्षित सहयोग की सहमति प्रदान कर उक्त किये जा रहे कार्य की प्रशंसा कर अगले प्रस्ताव पर चर्चा करने हेतु निर्दिष्ट किया गया। | | |
| प्रस्ताव | क्र-02 :- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) :- | | |
| | श्रीमान उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्ताव क्र० 02 सदन के समक्ष रखा गया। जिस पर श्रीमान अधिशाषी अधिकारी महोदय ने सदन को अवगत कराया कि निकाय क्षेत्र में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (NULM) योजना का क्रियान्वयन किया जाना प्रस्तावित है जिसके अन्तर्गत निकाय क्षेत्र में रेहड़ी-ठेला चालक, फुटपाथी आदि जो अपनी जीविका का उपार्जन करते हो उनका निकाय स्तर पर पंजीकरण कर उनको पंजीकृत प्रमाण पत्र जारी किये जायेंगे। इस हेतु उनका सर्वे में किये गये सर्वे के मुताबिक उनकी मतदाता सूची तैयार की जायेगी। के पश्चात उनका चुनाव प्रक्रिया अन्तर्गत तीन सदस्यों का चयन स्ट्रीट वेन्डर पॉलिसी के तहत किया जावेगा। जिसकी सुनवाई प्रक्रिया उपखण्ड स्तर पर की जानी प्रस्तावित है जिसके पश्चात उक्त रेहड़ी-ठेला चालक, फुटपाथियों को निकाय द्वारा स्थान का चिन्हीकरण कर उनके लिए स्थान तय कर स्थान आवंटित किया जावेगा। पर उपस्थित सदस्य महानुभावों ने योजना की प्रशंसा कर | | |

Scanned with CamScanner

नवोदय प्रिन्टर्स एण्ड स्टेशनर्स, जयपुर



# कार्यालय नगरपालिका मण्डल, पदमनगर (राज०)

## सभा की कार्यवाही पंजिका

दिनांक 18-11-2016 सभा की किस्म विशेष समय 11:00 am कुल सदस्यों की संख्या 15 उपस्थित सदस्यों की संख्या 11

विषय (लाल स्याही में) प्रस्ताव अनुसार

| क्रमांक प्रस्ताव | बैठक की कार्यवाही का विवरण | प्रस्ताव जो पारित हुआ |
|---|---|---|
| | उन्होंने डिक्लेयर की जाने भी अनिवार्यता भी। | |
| प्रस्ताव नं -03- | मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन योजना -: श्रीमान उपाध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव नं 03 सदन के समक्ष रखा। जिस पर श्रीमान अधिशाषी अधिकारी महोदय ने सदन को अवगत करवाया कि ग्रामीण क्षेत्र की भांति शहरी क्षेत्र में भी मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन योजना लागू की गई है। जिसके अन्तर्गत जल स्रोतों के रख-रखाव का कार्य, जल स्रोतों के बढ़ाने आदि कार्य करवाये जायेंगे। जिससे भीतिगत रूप से शुरूआत नहीं हुई है। | |
| प्रस्ताव नं-04- | LED लाईटस -: श्रीमान उपाध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव नं 04 सदन के समक्ष रखा। जिस पर श्रीमान अधिशाषी अधिकारी महोदय ने सदन को अवगत करवाया कि राज्य सरकार के आदेश की पालना में EESL कम्पनी ने निकाय क्षेत्र में अब तक कुल 1070 LED लाईटस लगाई है। जिसमें 10 WAT के - 310 lights, 20 WAT के - 754 lights, 90 WAT के - 6 lights लगाई गई है। जिसके कारण स्ट्रीट लाईट पोल पर उन्हीं कमी है और रमता है ज्यादा प्रभाव रहा। अधिकतर कमी आनी है ताकि विद्युत बिलों में कमी रह गया है। | |
| प्रस्ताव नं-05.- | सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के अन्तर्गत अब तक की गई कार्यवाही ऐवं भविष्य की कार्ययोजना -: श्रीमान उपाध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव नं 05 सदन के समक्ष रखा। जिस पर श्रीमान अधिशाषी अधिकारी महोदय ने सदन को अवगत करवाया कि निकाय क्षेत्र में कोई व्यक्ति, संस्था, कम्पनी आदि द्वारा बिना निकाय की अनुमति के या नियम विरूद्ध कोई पम्पलेट्स, होर्डिंग्स, बैनर आदि लगा लेखन का कार्य किया जाता है तो उनके विरूद्ध उक्त नियम के अन्तर्गत कार्यवाही सम्पादित की जाती है। | |

Scanned with CamScanner

नवोदय प्रिन्टर्स एण्ड स्टेशनर्स, जयपुर-3 फोन : 62587 P.P.

# कार्यालय नगरपालिका मण्डल, रतननगर (राज०)

34

## सभा की कार्यवाही पंजिका

दिनांक 18-11-2016 सभा की किस्म विशेष समय 11.00 बजे कुल सदस्यों की संख्या 15 उपस्थित सदस्यों की संख्या 11

विषय (लाल स्याही में) अंकित प्रस्तावानुसार

| क्रमांक प्रस्ताव | बैठक की कार्यवाही का विवरण | प्रस्ताव जो पारित हुआ |
|---|---|---|
| | अतः निकाय क्षेत्र के इस अधिनियम के विरुद्ध कोई ठेका, फर्म, कम्पनी या कोई अन्य द्वारा कार्य करता हो या आप महानुभावों के ध्यान आता हो तो इसकी सूचना निकाय को दी जानी चाहिए। ताकि सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही की जा सके। और नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाया जा सके। | |
| प्रस्ताव सं०-06 -: दोहरी लेखा प्रणाली (डबल ऐन्ट्री सिस्टम) -: | श्रीमान उपाध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव सं० 06 सदन के समक्ष रखा। जिसमें श्रीमान अधिशाषी अधिकारी महोदय ने सदन को अवगत करवाया कि नगरपालिका रतननगर द्वारा राज्य सरकार के आदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2009-10 से डबल एन्ट्री सिस्टम से लेखों का संधारण किया जा रहा है। साथ ही राज्य सरकार की शर्तों के अनुसार निगम निकायों के लेखों का संधारण डबल एन्ट्री सिस्टम से किया जा रहा है उन निकायों को ही अनुदान राशि जारी की जावेगी। | |
| प्रस्ताव सं०-07 | बैलेंसशीट व ऑडिट आक्षेप की अनुपालना: प्रस्तुत प्रस्ताव के सम्बन्ध में श्रीमान अधिशाषी अधिकारी ने सदन को अवगत करवाया कि राज्य सरकार के आदेशानुसार निकाय रतननगर ने वित्तीय वर्ष 2013-2014 व 2014-15 की बैलेंसशीट का कार्य एम०एस० प्रधान कम्पनी जयपुर से तैयार किया गया है तथा ऑडिट आक्षेपों की समय-समय पर आयोजित होने वाले कैम्पों मिटिंगों में आक्षेपों की पालना की जाती है। | |
| प्रस्ताव सं०-08 -: | आवारा पशुओं / कुत्तों पर नियंत्रण -: श्रीमान अधिशाषी अधिकारी ने सदन को अवगत करवाया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार व निकाय कार्यों के मुताबिक निकाय क्षेत्र में आवारा पशुओं / कुत्तों पर पूर्ण रूप से नियंत्रण रखा जाता है। यदि इस सम्बन्ध में यदि कोई शिकायत निकाय को प्राप्त होती है तो तुरन्त प्रभाव से इस पर कार्यवाही की जाती है। | |

Scanned with CamScanner

नवोदय प्रिन्टर्स एण्ड स्टेशनर्स, जयपुर-3 फोन : 62587 P.P.

35

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल, रतननगर (राज०)

## सभा की कार्यवाही पंजिका

दिनांक 18-11-2016 सभा की किस्म विशेष समय 11.00 AM कुल सदस्यों की संख्या 15 उपस्थित सदस्यों की संख्या 11

विषय (लाल स्याही में) अंकित प्रस्तावानुसार। —

| क्रमांक प्रस्ताव | बैठक की कार्यवाही का विवरण | प्रस्ताव जो पारित हुआ | विशेष |
|---|---|---|---|
| प्रस्ताव | सं-09 - नगरपालिका में राजस्व संसाधन जुटाने।- श्रीमान अधिशाषी अधिकारी महोदय ने सदन को अवगत करवाया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार TFC व SFC से निकाय को प्राप्त होने वाले अनुदान का आवंटन तब ही किया जायेगा। जब निकाय प्रतिवर्ष अपनी निजी आय के 10% की राजस्व में बढ़ोतरी करेगी। अन्यथा प्राप्त होने वाला अनुदान बंद कर दिया जायेगा। मैं नगरपालिका निकाय की निजी राजस्व बढ़ाने हेतु आप सभी सम्मानित महानुभावों से भी के सहयोग की अपेक्षा करता हूँ। | | |
| | जिस पर उपस्थित महानुभावों ने राजस्व वृद्धि कराने पर अपेक्षित सहयोग देने की बात एवं सहमति प्रदान की गई। <br> अंत में कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं होने के कारण श्री उपाध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सम्मानित महानुभावों का धन्यवाद देते हुए बैठक समापन की घोषणा की गई। | | |

[signature]
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, रतननगर

मुकेश शर्मा
अध्यक्ष
नगरपालिका, रतननगर (चूरू)

Scanned with CamScanner